आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बृहस्पतिवार 29.05.2025
समय 0720

**मुख्य समाचार :—**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज देहरादून के गुनियाल गांव से "विकसित कृषि संकल्प अभियान" का शुभारंभ करेंगे।
- राज्य मंत्रिमंडल ने प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये उत्तराखंड मेगा औद्योगिक और निवेश नीति–2025 को मंजूरी दी।
- उत्तरकाशी जिले में इको टूरिज्म और ट्रैकिंग पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न ट्रैक रूटों और पर्यटक स्थलों को विकसित करने की कवायद शुरू।
- और.... मौसम विभाग ने आज प्रदेश के उत्तरकाशी, देहरादून, रुद्रप्रयाग व नैनीताल जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

----------------

"विकसित कृषि संकल्प अभियान"

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज देहरादून के गुनियाल गांव से "विकसित कृषि संकल्प अभियान" का शुभारंभ करेंगे। यह कार्यक्रम कृषि क्षेत्र में जागरूकता, नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। यह अभियान 29 मई से 12 जून तक पूरे देश में चलाया जाएगा। कल देर शाम प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए सभी तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे सुनिश्चित करें कि कार्यक्रम में भाग लेने वाले किसानों, विशेषज्ञों और अन्य आगंतुकों को किसी भी तरह की असुविधा न हो।

राज्य मंत्रिमंडल

राज्य मंत्रिमंडल ने प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए उत्तराखंड मेगा औद्योगिक और निवेश नीति–2025 को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए सचिव शैलेश बगोली ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य उत्तराखंड को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पूंजी निवेश के लिए प्रतिस्पर्धी गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। साथ ही बड़े पैमाने पर विनिर्माण उद्यमों में पूंजी निवेश के लिए अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र विकसित कर राज्य का आर्थिक विकास और अतिरिक्त रोजगार के अवसरों का सृजन करना है।

**विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस**

महिला सशक्तिकरण और बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने अल्मोड़ा में विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर आयोजित 'मेरी सहेली' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। राज्य की किशोरी, बालिकाओं और महिलाओ को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमती आर्या ने कहा कि मासिक धर्म महिलाओं के लिए ईश्वर का एक पवित्र वरदान है जो उन्हें सृष्टि की रचयिता बनाता है। इस विषय पर समाज में फैली भ्रांतियों पर उन्होंने कहा कि इसको लेकर सामाजिक सोच में बदलाव आना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म के दौरान बालिकाओं को पौष्टिक आहार लेना तथा स्वच्छ व स्वस्थ उपाय अपनाना जरूरी है।

श्रीमती आर्या ने कहा कि केन्द्र सरकार देश भर में स्थित हजारों जन औषधि केन्द्रों पर मात्र 1 रूपये में सुरक्षित सेनेटरी पैड वितरित करती है।

उत्तरकाशी पर्यटन

उत्तरकाशी जिले में इको टूरिज्म और ट्रैकिंग पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न ट्रैक रूटों और अन्य पर्यटक स्थलों का विस्तार कर उन्हें विकसित किया जाएगा। उत्तरकाशी से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया, ताकि स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक रोजगार सृजित हो सकें। उन्होंने जिले में संचालित पर्यटन विभाग की 50 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न योजनाओं का संज्ञान लेते हुए उन्हें समय पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में जिलाधिकारी ने सरनोल–सरुताल, जखोल–देवक्यारा और नचिकेता ताल जैसे पर्यटक स्थलों पर आधारभूत सुविधाओं के विकास कार्य तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि पर्यटकों प्रतिकूल मौसम में इसका लाभ मिल सके। वैष्णो देवी मंदिर की तर्ज पर जानकीचट्टी से यमुनोत्री धाम तक पैदल मार्ग पर रेन शेल्टर निर्माण के लिए जिला पर्यटन विकास अधिकारी को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने चारधाम यात्रा में लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या के मद्देनजर भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए यात्रा रूट को और अधिक सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए कहा। इसके अलावा ऐतिहासिक गरतांग गली को पर्यटन की दृष्टि से बेहतर बनाने व ट्रैक रूट का विस्तार करने के लिए योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

नकली पनीर

खाद्य संरक्षा विभाग ने देहरादून में 500 किलो नकली पनीर की खेप पकड़ी है। यह पनीर न केवल खाद्य सुरक्षा मानकों के खिलाफ था, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी बेहद खतरनाक पाया गया है।

एफडीए के जिला अधिकारी मनीष सयाना ने बताया कि देहरादून के भंडारी बाग में चेकिंग अभियान के दौरान यह खेप पकड़ी गई। उन्होंने बताया कि यह पनीर मसूरी में सप्लाई किया जा रहा था।

श्री सयाना ने बताया कि इस पूरी खेप को नष्ट कर दिया गया है, तथा खाद माफिया मोहम्मद इरशाद के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

मौसम

मौसम विभाग ने आज प्रदेश के उत्तरकाशी, देहरादून, रुद्रप्रयाग और नैनीताल जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही प्रदेश के मैदानी और पर्वतीय जिलों में कुछ स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने और 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है।

विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार एक जून तक प्रदेश में बारिश के आसार बने हुए हैं। इस अवधि में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान लोगों को अनावश्यक यात्रा से बचने और खराब मौसम की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है।

**एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....**

राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गये ऐतिहासिक फैसलों को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से पहले पृष्ठ पर प्रकासित किया है। दैनिक जागरण लिखता है– औद्योगिक विकास व रोजगार सृजन को बूस्टर डोज। इस खबर पर हिन्दुस्तान का शीर्षक है: कर्मचारियों और पेंशनरों को गोल्डन कार्ड में राहत।

देश में कोविड के दो नए वैरिएंट शीर्षक के साथ नवोदय टाइम्स लिखता है कि देश में तेजी से बढ़ रहे कोविड मामलों के बीच दो नए वैरिएंट एनबी और एलएफ मिले हैं।

केंद्र सरकार ने खरीफ की 14 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ा दिया है। इस खबर पर अमर उजला लिखता है: धान समेत 14 खरीफ फसलों का बढ़ा एमएसपी, कृषि ऋण पर छूट बरकरार।

------------